# अग्निवीरों को रेलवे में मिलेगा रोजगार

▸ सेना और रेलवे में सहयोग ढांचे के तहत समझौता

**नयी दिल्ली, 25 फरवरी . अग्निवीरों के पहले बैच की सेवा 2026 के आखिर में पूरी होने की संभावना के मद्देनजर भारतीय सेना ने उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर सुलभ कराने के लिए भारतीय रेल के साथ एक समझौता किया है.**

रेलवे ने सेना के साथ 'सहयोग ढांचे' के अंतर्गत भूतपूर्व सैनिकों और पूर्व अग्निवीरों के लिए लेवल-1 और लेवल-2 तथा उससे उपर के पदों पर भर्ती के लिए आरक्षण के प्रावधान लागू किए हैं.



सेना ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक एक पोस्ट में कहा कि सेना और रेलवे ने अग्निवीरों तथा सेवा निवृत सैनिकों को दोबारा रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए एक 'सहयोग ढांचे' पर सहमति व्यक्त की है. अतिरिक्त सार्वजनिक सूचना महानिदेशालय ने इसकी घोषणा करते हुए इस कदम को अंतर-मंत्रालयी सहयोग के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि बताया. 3 सेना और भारतीय रेल ने अग्निवीरों और सेना के जवानों के लिए अवकाश ग्रहण के बाद नौकरी के मौके मजबूत करने के लिए सहयोग का एक ढांचा तैयार किया है.

'अग्निपथ' भर्ती प्रक्रिया को जून 2022 में रक्षा मंत्री मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों की भर्ती प्रक्रिया में एक बतौर बड़े सुधार पेश किया था. इस योजना ने भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना में युवाओं के लिए अल्पकालीन अनुबंध भर्ती प्रक्रिया शुरू किया, जो परंपरागत दीर्घकालीन सेवा भर्ती प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव था. इस ढांचे के तहत उम्मीदवार को चार साल के लिए भर्ती किया जाता है और उन्हें 'अग्निवीर' नाम दिया जाता है. शुरुआत में इसमें साढ़े सत्रह साल की उम्र से 21 साल की उम्र तक के लोगों को बहाल किया जाता था.

## प्रधानमंत्री योग पुरस्कार-2026 के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली, 25 फरवरी.** आयुष मंत्रालय ने प्रधानमंत्री योग पुरस्कार-2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है. यह पुरस्कार योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थानों को सम्मानित करने के लिए दिया जाएगा.

पुरस्कार दो श्रेणियो व्यक्तिगत और संस्थागत में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदान किए जाएंगे. प्रत्येक विजेता को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र और 25 लाख रुपये नकद राशि मिलेगी. पुरस्कार समारोह अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन के दौरान आयोजित होगा.आवेदन ऑनलाइन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है.

## नितिन नवीन ने गांधी परिवार पर राष्ट्रीय हित से समझौता करने के लगाए आरोप

**पटना, 25 फरवरी. भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार पर राष्ट्रीय हित से समझौता करने के गंभीर आरोप लगाए. कांग्रेस की राजनीति व्यक्तिगत स्वार्थ और पार्टी हित को देशहित से ऊपर रखकर संचालित रही है.**



नितिन नवीन ने पंडित जवाहरलाल नेहरू पर 1954 में तिब्बत में भारत के अधिकार चीन को सौंपने का आरोप लगाया. इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस के चुनाव अभियानों में विदेशी फंडिंग और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से जुड़े रक्षा सौदों पर भी सवाल उठाए. राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे विदेशों में जाकर भारत के खिलाफ बयान देते हैं और विदेशी ताकतों के प्रभाव में राजनीति करते हैं. भाजपा अध्यक्ष ने 2004-2014 के संप्रग शासनकाल का भी जिक्र करते हुए कहा कि उस समय वास्तविक सत्ता संरचना पर सवाल उठे थे और राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के माध्यम से समानांतर व्यवस्था चलने की बातें सामने आई थीं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ऐतिहासिक निर्णयों और अपने रुख को स्पष्ट करना चाहिए.

## श्रीलंका में 2019 ईस्टर संडे बम धमाकों के मामले में पूर्व खुफिया प्रमुख गिरफ्तार

**कोलंबो.** श्रीलंका के आपराधिक जांचकर्ताओं ने 2019 के ईस्टर संडे बम धमाकों के संबंध में देश के पूर्व खुफिया प्रमुख को गिरफ्तार किया है. इन धमाकों में 45 विदेशियों सहित 279 लोग मारे गये थे. स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त मेजर जनरल सुरेश साले को बुधवार तड़के कोलंबो के एक उपनगर से हिरासत में लिया गया. यह काफी लंबे समय से जारी इस जांच में अब तक की सबसे हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी है. श्रीलंका की पूर्व सरकार, जिसका नेतृत्व कद्दावर राष्ट्रपति नंदसेना गोटाबाया राजपक्षे कर रहे थे, पर इस भीषण आतंकवादी हमले की जांच में बाधा डालने के आरोप लगते रहे हैं.

## हमारी परंपरा में संपूर्ण स्वास्थ्य सबसे बड़ा सुख : मुर्मु

**मुंबई , 25 फरवरी. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के शेगांव में आयोजित 'राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026' का उद्घाटन किया. इस अवसर पर उन्होंने आयुष स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले छह वरिष्ठ वैद्यों को सम्मानित भी किया.**



राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि हमारी परंपरा में संपूर्ण स्वास्थ्य को सबसे बड़ा सुख माना गया है और स्वस्थ नागरिक देश की मजबूती में अहम भूमिका निभाते हैं. उन्होंने बताया कि आयुष चिकित्सा प्रणालियों—आयुर्वेद, योग, सिद्ध और अन्य पद्धतियां—नागरिकों के स्वास्थ्य में अमूल्य योगदान दे रही हैं. ये प्रणालियां आधुनिक चिकित्सा के साथ-साथ लोगों की सेवा में सदैव सक्रिय रही हैं.राष्ट्रपति ने औषधीय पौधों और जड़ी-बूटियों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इनका संरक्षण और संवर्धन न केवल कच्चा माल उपलब्ध कराता है, बल्कि पर्यावरण संतुलन और मृदा स्वास्थ्य में भी योगदान देता है. आयुष प्रणालियों को बढ़ावा देना न केवल शारीरिक और आर्थिक स्वास्थ्य सुधारता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होता है. उन्होंने कहा कि आयुष प्रणालियां स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के मार्गदर्शन के साथ विश्व स्तर पर रोगों की रोकथाम में भी योगदान कर रही हैं. उन्होंने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को और सुलभ बनाकर समग्र स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का अभिन्न हिस्सा बनाया जाएगा.

## कार पर गोलीबारी की जिम्मेदारी गैंगस्टर नवीन बॉक्सर ने ली

**नई दिल्ली, 25 फरवरी.** कश्मीरी गेट क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक कार पर गोलीबारी हुई, जिसमें अधिवक्ता दीपक खत्री घायल हो गए. पुलिस ने मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 और 3 तथा आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया. घटना रात लगभग 10:10 बजे अंतरराज्यीय बस अड्डा के पास हुई, जब कार में सवार पांच लोगों पर अज्ञात हमलावरों ने गोलियां चलाई. गैंगस्टर नवीन बॉक्सर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए हमले की जिम्मेदारी ली और अधिवक्ता खत्री को धमकियां दी. पोस्ट में खत्री पर 'मुखबिर और बिचौलिए' का काम करने का आरोप लगाया गया और चेतावनी दी गई कि यदि ऐसी गतिविधियां जारी रहीं.

## 500 एकड़ में बनेगी 'जापान इंडस्ट्रियल सिटी' : सीएम योगी

▸ निवेश और औद्योगिक सहयोग को लेकर घोषणाएं

▸ जापान इंडस्ट्रियल सिटी' विकसित की जा रही

**टोक्यो, 25 फरवरी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान दौरे के दौरान निवेश और औद्योगिक सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं. उन्होंने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जापानी निवेशकों के लिए विशेष 'जापान इंडस्ट्रियल सिटी' विकसित की जा रही है.**



यह इंडस्ट्रियल सिटी लगभग 500 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगी और इसका उद्देश्य जापान की कंपनियों को विश्वस्तरीय औद्योगिक ढांचा उपलब्ध कराना है. मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योग प्रतिनिधियों को औपचारिक रूप से प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया. मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल माहौल प्रदान कर रही है. उन्होंने बताया कि बीते 9 वर्षों में प्रदेश में 16 घरेलू और 4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का संचालन शुरू हुआ है, जिससे कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है. खासकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जो भारत का सबसे बड़ा बनने जा रहा है, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई गति देगा.

इसके आसपास 27 बिजनेस पार्क विकसित किए जाएंगे, जो हजारों रोजगार के अवसर सृजित करेंगे और वैश्विक कंपनियों के लिए निवेश का बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान की कई कंपनियों ने नोएडा क्षेत्र में निवेश में रुचि दिखाई है और कुछ ने निवेश भी किया है. ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में देश-विदेश की कंपनियां लगातार संपर्क में हैं. प्रदेश सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के सिद्धांत पर काम कर रही है और निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है .सिंगापुर दौरे के बाद यह जापान दौरा उत्तर प्रदेश को एशियाई निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

## 590 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में चार गिरफ्तार

**पंचकूला, 25 फरवरी. हरियाणा के सरकारी डिपार्टमेंट के खातों में 590 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है.**

बुधवार को पंचकूला में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के चीफ एएस चावला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को पंचायत विभाग से एक लेटर मिला था, जिसमें गबन की जानकारी दी गई थी. इसके बाद एसीबी में मुकदमा नंबर 4 दर्ज किया गया. इस मामले में एसीबी ने देर रात रिभव ऋषि और अभय को गिरफ्तार किया. रिभव निजी बैंक का मैनेजर है, जबकि अभय बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर था. इन्होंने ही इस घोटाले की प्लानिंग की थी. दोनों को एसीबी ने राउंड अप किया. जांच में पता चला कि एक स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट के खाते में करीब 300 करोड़ रुपये गए थे. इसके अलावा निजी बैंक बैंक में भी पैसा गया. अभय की पत्नी के भाई अभिषेक को भी एसीबी ने गिरफ्तार किया है. वहीं, इस फ्रॉड में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. सरकार को पिछले साल जुलाई में ही इस गड़बड़ी की भनक लग गई थी. इसे लेकर वित्त विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी ने सभी विभागों को लेटर लिखकर अलर्ट भी किया था.

## भाजपा सांसद ने की दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ करने की मांग

**नई दिल्ली, 25 फरवरी.** दिल्ली के चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने केंद्र सरकार से राष्ट्रीय राजधानी का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ करने का आग्रह किया है. यह कदम दिल्ली की ऐतिहासिक और सभ्यतागत पहचान को पुनर्स्थापित करेगा. खंडेलवाल ने पुराना किला में पांडवों की प्रतिमाएँ स्थापित करने की भी मांग की, जिससे महाभारत कालीन राजधानी इंद्रप्रस्थ की याद ताजा हो सके. उनके अनुसार, महाभारत में इंद्रप्रस्थ यमुना के तट पर एक भव्य नगर था.

## मैंने भारत-पाक परमाणु युद्ध रुकवाया : ट्रम्प

**वॉशिंगटन, 25 फरवरी. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में एक बार फिर दोहराया कि उनके हस्तक्षेप के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित 'परमाणु युद्ध' टल गया, जिससे करोड़ों लोगों की जान बचाई जा सकी.**



श्री ट्रम्प ने कांग्रेस (संसद) को संबोधित करते हुए कहा कि आज अमेरिका जितना मजबूत है, उतना पहले कभी नहीं रहा. दूसरे कार्यकाल के पहले 10 महीनों में उन्होंने आठ युद्ध समाप्त रूकवाए हैं. दक्षिण एशिया का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि अगर वह बीच में नहीं आते तो भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध छिड़ गया होता. श्री ट्रम्प ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री (बगैर नाम लिए) के हवाले से कहा कि उनके दखल की वजह से 3.5 करोड़ लोगों को मरने से बचा लिया गया. संभवतया उनका इशारा, भारत के ऑपरेशन सिंदूर के समय अपनाए गए कड़े रूख की ओर था. भारत ने लगातार इस बात से इंकार किया है कि इस ऑपरेशन को किसी तीसरी शक्ति के दबाव में रोका गया.

### ईरान का पलटवार अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों को किया खारिज

तेहरान/ वॉशिंगटन. ईरान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल शक्ति को लेकर गंभीर आरोप लगाये गये थे. बघाई ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइलों और हालिया नागरिक अशांति में हताहतों की संख्या को लेकर अमेरिका जो कुछ भी कह रहा है.

## बॉयफ्रेंड के सामने 7 दरिंदों ने महिला से किया गैंगरेप

फिर खाते में ट्रांसफर कराए रुपये

पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**गुवाहाटी, 25 फरवरी. असम में 28 साल की महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है. यह वारदात उस वक्त हुई जब महिला अपने बॉयफ्रेंड के साथ शाम को बाहर घूमने गई थी.**

इतना ही नहीं, बदमाशों ने पीड़िता से अपने अकाउंट में 10 हजार रुपये ट्रांसफर करने के लिए मजबूर भी किया. पुलिस के मुताबिक वारदात 19 फरवरी की है. बुधवार को पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पीड़िता असम के सिलचर शहर से कुछ किमी दूर बाइपास रोड पर बॉयफ्रेंड के साथ कार में थी. तभी थार सवार कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया. उन्होंने दोनों से पता ठिकाना पूछा. फिर अचानक उनमें से कुछ लोगों ने महिला के बॉयफ्रेंड को पकड़ लिया. इसके बाद उसके बॉयफ्रेंड के सामने बारी-बारी से गैंगरेप किया. उधर, मामला सामने आने के बाद सिलचर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

## जम्मू-कश्मीर के जंगल में हथियारों का जखीरा बरामद

**श्रीनगर, 25 फरवरी. जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के सफाए के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसके साथ ही दहशतगर्दों के मददगारों पर भी सख्त कार्रवाई की जा रही है.**

इस बीच सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. सुरक्षा बलों ने पुंछ जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए हथियारों का जखीरा बरामद किया है. जानकारी के मुताबिक विश्वसनीय खुफिया इनपुट के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस की स्पेशल



ऑपरेशन ग्रुप ने पुंछ के गनी जंगल इलाके में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान एक प्राकृतिक गुफा के नीचे छिपाया गया था, जहां से हथियारों का जखीरा बरामद किया गया. सुरक्षाबलों ने तलाशी के दौरान मौके से एक बड़ा आईईडी (करीब 4.5 किलो), एक छोटा आईईडी (करीब 800 ग्राम), दो चीनी ग्रेनेड, एक 9 एमएम पिस्टल, 9 एमएम के दो कारतूस और 7.62 एमएम के 22 कारतूस बरामद किए. इस जखीरे को गुफा के नीचे छिपाया गया था.
माना जा रहा है कि आतंकी घाटी में किसी बड़ा वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे. हालांकि उससे पहले ही सुरक्षाबलों ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया.

## एक किलो से अधिक हेरोइन बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, 25 फरवरी. दिल्ली पुलिस ने यमुना पार इलाके से नशीले पदार्थों के एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.022 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग छह करोड़ रुपये आंकी गई है.**

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस अभियान को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने अंजाम दिया. गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिलशाद गार्डन की कलंदर कॉलोनी निवासी इमरान (23) उर्फ शेर खान के रूप में हुई है. अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-एएनटीएफ) संजीव कुमार यादव ने कहा, 'हमने आरोपी को शुक्रवार को दिलशाद गार्डन के सेंट्रल पार्क स्थित एच-पॉकेट से पकड़ा.

एक विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए एएनटीएफ की टीम ने स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति को देखा जो पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा. स्कूटी की तलाशी के दौरान अधिकारियों ने भूरे और क्रीम रंग के पाउडर वाले दो पॉलीथीन पैकेट जब्त किए. परीक्षणों में पदार्थ के हेरोइन होने की पुष्टि हुई, जिसका वजन क्रमशः 282 ग्राम और 740 ग्राम था.'

## सरकार स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमता बढ़ाने प्रतिबद्ध : राजनाथ

**नयी दिल्ली 25 फरवरी. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सरकार घरेलू खपत और निर्यात को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमता बढ़ाने को प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को हासिल करने में भारतीय राजनयिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है.**

भारतीय विदेश सेवा 2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने बुधवार को यहां साउथ ब्लॉक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की. अधिकारियों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमता को घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों के लिए बढाने के सरकार के संकल्प को दोहराया तथा इसे पूरा करने में भारतीय राजनयिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया.



रक्षा क्षेत्र में विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के समावेशन के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत बड़े रक्षा आयातक से आगे बढ़कर सभी क्षेत्रों में रक्षा प्लेटफॉर्म का निर्माता और निर्यातक बन चुका है. श्री सिंह ने कहा कि विश्व समुदाय भारत की विकास यात्रा पर करीबी नजर रख रहा है और उसकी नेतृत्वकारी भूमिका की अपेक्षा कर रहा है. उन्होंने अधिकारियों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए देश की सकारात्मक छवि को और सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने उन्हें बताया कि विदेश में दायित्व निभाते समय उन्हें सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि वे 1.4 अरब भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं.

## सुको ने फिल्म यादव जी की लव स्टोरी' के खिलाफ याचिका की खारिज

**नयी दिल्ली, 25 फरवरी.** उच्चतम न्यायालय ने 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका बुधवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि फिल्म का नाम यादव समुदाय की नकारात्मक छवि पेश नहीं करता है. न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना एवं उज्जल भुयान की पीठ ने कहा कि फिल्म के नाम में कोई ऐसा विशेषण या शब्द नहीं था, जिससे समुदाय की छवि धूमिल हो. यह याचिका अधिवक्ता आफ़ताब अली ख़ान के ज़रिए दायर की गयी थी. याचिका में कहा गया था कि फिल्म का नाम एक जाति या समुदाय के खिलाफ अपमानजनक एवं प्रत्यक्ष धारणा बनाता है.


म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित
मुख्यालय, जहांगीराबाद भोपाल
क्र./यां.शा./1951/2026 भोपाल, दिनांक : 25.02.2026

निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

विपणन संघ द्वारा कृषक विश्राम शेड निर्माण कार्य एवं स्वयं के लिए गोदाम मरम्मत तथा बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से E-Tender प्रणाली के अन्तर्गत **www.mptenders.gov.in** पर केवल Online प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएं **दिनांक 18.03.2026 को सायं 05:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होंगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट **www.mpmarkfed.mp.gov.in** पर भी अवलोकनीय होंगी।

| क्र. | Tender Ref. No. | कार्य का नाम | निविदा राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2309 | Construction of Krishak Vishram Shed (Farmer Shed) (20'X40' ft) In the Storage Center of Markfed Under CSR Fund At Sanawad (Gram Panchayat-Dhakalgaon), Distt.-Khargone **(1st Call)** | 4,92,827.00 |
| 2. | 2310 | Construction of Krishak Vishram Shed (Farmer Shed) (20'X40' ft) In the Storage Center of Markfed Under CSR Fund At Badwah (Gram Panchayat-Kadvaliya), Distt.-Khargone **(1st Call)** | 4,92,827.00 |
| 3. | 2311 | Repairing/Renovation work of 1000 MT Godown And Repairing/Renovation work of 800 MT Godown of Markfed At Krishi Upaj Mandi Campus, Jabalpur Distt.-Jabalpur **(1st Call)** | 22,89,485.00 |
| 4. | 2312 | Repairing/Renovation work of 1000 MT Godown of Markfed at Sehora Distt.-Jabalpur **(1st Call)** | 13,15,235.00 |
| 5. | 2313 | Construction of Boundary wall with Main Gate at the Storage Campus of Markfed at Gohad Distt.-Bhind **(1st Call)** | 41,96,885.00 |

**नोट :-** 01. आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा सशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शत की जावेगी।
म.प्र. माध्यम/124631/2026 मुख्य अभियन्ता (सि.)



MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LIMITED
Office of The Superintending Engineer (P&W) (A.T.P.S.), Chachai
Phone : 07659-263469, E-mail : sepnwatps23@gmail.com, Mobile No. : 9425808960
No. : 001-04/P&W/NIT/3489 Chachai, Dated : 24.02.2026

NOTICE INVITING TENDER "THROUGH E-TENDERING ONLY"

M.P. Power Generating Co. Ltd. Invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the works/supplies as detailed below for ATPS, MPPGCL, Chachai :-

| Tender ID | Name of Works/Material | EMD Rs. | Last Date of Online Submission of E-Tender | Due Date of Technical Opening of E-Tender |
|---|---|---|---|---|
| 2025_MPPGC_469756 | Biennial work contract for hiring of one No. 52-seater or above bus, maximum 6 years old and run less than 2 lakh kms. for school duty of ATPS MPPGCL Chachai. | 70,400/- | 16.03.2026 Up to 15:00 Hrs. | 18.03.2026 From 15:30 Hrs. onwards |
| 2026_MPPGC_478029 | Biennial (02 years) rate contract for rewinding of 3 phase, 415 Volts, Sq. cage LT motors (Rating 22 KW to 187 KW) of 210 MW, unit No. 5 ATPS MPPGCL Chachai. | 80,100/- | 16.03.2026 Up to 15:00 Hrs. | 18.03.2026 From 15:30 Hrs. onwards |
| 2026_MPPGC_484618 | Loading, transportation and filling of ash in the unused/ abandoned open mines trench "ABCD"of Sharda OCM mines located near village Bakho Distt. Shahdol (M.P.) including other related works. | 2,00,000/- | 16.03.2026 Up to 15:00 Hrs. | 18.03.2026 From 15:30 Hrs. onwards |

**Note :-** For details please visit the website **www.mptenders.gov.in** for any change in specification/technical data please visit regularly website **www.mptenders.gov.in,** any addendum/corrigendum shall not be published in newspaper.
M.P. Madhyam/124643/2026 "SAVE ELECTRICITY" SE (P&W)